२०२४-२०२५

आचार्य प्रवेश परीक्षा

आदर्श प्रश्न पत्र

विषय- हिन्दी, पत्र-तृतीय

समयः १½ घण्टे **सम्पूर्णाङ्क –५०**

निर्देश-

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **खण्ड 'अ', खण्ड 'ब', खण्ड 'स' एवं खण्ड 'द' से दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

खण्ड-अ

(अति संक्षिप्त उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न - १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए- १०x१ = १०

क. हिन्दी के दो प्रसिद्ध उपन्यासकारों के नाम लिखिए।

ख. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली पश्चिमी हिन्दी की नहीं है?

(अ) अवधी (ब) ब्रजभाषा (स) खड़ी बोली (द) बुन्देली

ग. बौद्ध धर्म से प्रभावित किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

घ. गोस्वामी तुलसीदास की रचना 'रामचरितमानस' किस भाषा की रचना है ?

(अ) अवधी (ब) ब्रजभाषा (स) मैथिली (द) बुन्देली

ङ. हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?

च. किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?

छ. भाषा की परिभाषा लिखिए।

ज. 'कामायनी' किसकी रचना है ?

झ. 'क' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(अ) कण्ठ (ब) मूर्द्धा (ग) ओष्ठ (द) तालु

ञ. 'काव्यप्रकाश' का रचनाकार कौन है ?

खण्ड-ब

(अति लघूत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न – २. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए- ५x२ = १०

क. हिन्दी की पहली कहानी और उसके लेखक का नाम लिखिए।

ख. छायावाद के प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

ग. भक्तिकाल के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए और उनकी एक-एक कृति का नामोल्लेख कीजिए।

घ. प्रेमचन्द का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

ङ. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं चार को शुद्ध करके लिखिए।

अस्थान, अध्यन, कवियित्री, उज्वल, आशिर्वाद, अद्वितिय

च. 'गोदान' एवं 'अमिता' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

खण्ड-स

(लघूत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न – ३. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए- ५x४ = २०

क. रस की परिभाषा देते हुए इसके प्रमुख अवयवों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

ख. निम्नलिखित अलंकारों को लक्षण-उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए-

अनुप्रास, श्लेष, उपमा, रूपक

ग. 'सुमित्रानन्दन पन्त प्रकृति के सुकुमार कवि हैं' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

घ. समाज सुधारक के रूप में कबीरदास की समीक्षा कीजिए।

ङ. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

अ. श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।

ब. बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीती हैं।

स. इस समय आपकी आयु चालीस वर्ष की है।

द. मैंने आज सारनाथ जाना है।

च. अपने नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर चारों ओर व्याप्त गंदगी, उसके दुष्परिणामों और उससे छुटकारा पाने के उपायों के बारे में बताइए।

खण्ड-द

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न – ४. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए- १x१० = १०

क. हिन्दी उपन्यास के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए।

ख. आधुनिक हिन्दी साहित्य और बौद्ध धर्म विषय पर समीक्षात्मक निबन्ध लिखिए।

ग. राजभाषा की समस्याएँ एवं समाधान पर समीक्षात्मक टिप्पणी लिखिए।

****